**न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या-12, बाराबंकी।**

जमानत प्रार्थना पत्र सं०-25791/2026

CNR No UPBB040257982026

**नाम अभियुक्तगण-** **सोनू उर्फ विनीत कुमार पुत्र विनोद कुमार,ललित उर्फ अनुराग वर्मा पुत्र सुरेश, सुनील कुमार पुत्र काशीराम व भोला उर्फ मुकुन्दीलाल पुत्र रामखेलावन** निवासीगण- ग्राम आलमपुर,थाना बड्डूपुर,जिला बाराबंकी।

**अंतर्गत धारा-** 3(5),115(2),352,351(2),117(2) B.N.S.

**थाना**- बड्डूपुर,बाराबंकी।

**मु०अ० सं.**- 282/2025

**निस्तारण जमानत प्रार्थना पत्र**

दिनांक 07.05.2026

अभियुक्तगण **सोनू उर्फ विनीत कुमार पुत्र विनोद कुमार,ललित उर्फ अनुराग वर्मा पुत्र सुरेश, सुनील कुमार पुत्र काशीराम व भोला उर्फ मुकुन्दीलाल पुत्र रामखेलावन** की ओर से मु०अ०सं.-282/2025 अन्तर्गत धारा 3(5),115(2),352,351(2),117(2) B.N.S. थानान्तर्गत- बड्डूपुर, बाराबंकी के प्रकरण में जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया गया।

अभियुक्तगण के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि अभियुक्तगण निर्दोष हैं। उन्हें झूॅठा व रंजिशन फॅसाया गया है।

सुना व अवलोकन किया।

अभियुक्तगण आत्मसमर्पण कर न्यायिक अभिरक्षा में है। मामले में आरोप पत्र प्राप्त है। अतः मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए, गुणदोष पर बिना कोई राय व्यक्त किये अभियुक्तगण का जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

अभियुक्तगण प्रत्येक द्वारा रूपये 20,000/- 20,000/- का व्यक्तिगत बंधपत्र तथा इतनी ही राशि की एक-एक प्रतिभू प्रस्तुत करने पर उन्हें जमानत पर रिहा किया जाये।

दिनांक-07.05.2026

(प्राची अग्रवाल)
ए.सी.जे.एम-12, बाराबंकी।
JO CODE-UP2436